>

Title: Need to accord the status of an international airport to Surat Airport and set up new domestic airports at Amreli and Ahmedabad besides connecting all airports in Gujarat-laid.

श्री नारनभाई कछाड़िया (अमरेली): महोदय, मैं आपके माध्यम से मैं माननीय नागरिक उड्डयन मंत्री का ध्यान अहमदाबाद और अमरेली के लिए नए घरेलू विमानपत्तन के संबंध में आकर्षित कर रहा हूं । वर्तमान में अमरेली में सभी प्रकार की प्राथमिक सुविधाएं जो कि एक विमनपत्तन के लिए आवश्यक है, उपलबध है, लेकिन वित्तीय अभाव के कारण अमरेली इस सुविधा से वंचित है, इसके परिणामस्वरूप ही गुजरात की पूर्व राजधानी अहमदाबाद के लिए एक नए घरेलू विमानपत्तन को बनाने के लिए जनता बार-बार मांग कर रही है, गुजरात में वर्तमान में जो विमानपत्तन हैं वे पर्याप्त नहीं हैं । गुजरात में जो आठ विमानपत्तन हैं जिनमें अहमदाबाद के अलावा राजकोट, सूरत, भावनगर, जामनगर, पोरबंदर, केसोद, कांडला और बड़ौदरा शामिल है, इनको एक दूसरे से हवाई सेवा से नहीं जोड़ा गया है । सूरत,भरूच, अंकलेश्वर, वापी और सेलवास से प्रतिवर्ष भारी मात्रा में सामान का आयात-निर्यात और विदेश यात्रा के लिए भारी संख्या में यात्रियों का आवागमन होता है इसलिए समय की मांग को देखते हुए सूरत विमानपत्तन से अतिरिक्त विमान सेवाएं उपलब्ध करवाना एवं इसे अंतर्राष्ट्रीय दर्जा देने के लिए मेरा मंत्री महोदय से अनुरोध है ।

मेरा मंत्री महोदय जी से आग्रह है कि अमरेली के विमानपत्तन को पुनः चालू करने का प्रयास करे और साथ ही साथ अहमदाबाद के नए घरेलू विमानपत्तन के लिए उनके मंत्रालय द्वारा स्थिति का अध्ययन करवाने का आदेश जारी करे और राज्य के सभी विमानपत्तनों को एक-दूसरे से हवाई सेवाओं से जोड़ने का प्रयास करे ।